पंजाब केसरी 05/11/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में 'फ्रॉम क्लिक टू क्रिएटिविटी' विषय पर हुई कार्यशाला





गांधी मैमोरियल नैशनल में 'फ्रॉम क्लिक टू क्रिएटिविटी' विषय पर आयोजित कार्यशाला के दौरान विषय विशेषज्ञ तनवीर सिंह को पौधा भेंट करते आयोजक और विद्यार्थियों को संबोधित करते तनवीर सिंह। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 3 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा 'फ्रॉम क्लिक टू क्रिएटिविटी' विषय पर एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के दौरान विषय विशेषज्ञ तनवीर सिंह ने विद्यार्थियों को 21वीं सदी के कौशलों क्रिटिकल थिंकिंग, क्रिएटिविटी, कोलैबोरेशन एवं कम्युनिकेशन के महत्व से अवगत करवाया तथा यह समझाया कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस) और सूचना एवं संचार तकनीक (इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टैक्नोलॉजी) का उपयोग करके शिक्षण और अधिगम को अधिक सृजनात्मक एवं प्रभावशाली बनाया जा सकता है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को कई ए.आई. और आई.सी.टी. टूल्स का प्रत्यक्ष अनुभव कराया गया। तनवीर सिंह ने बताया कि इन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से विद्यार्थी अपनी रचनात्मकता, उत्पादकता और सहभागिता को नए स्तर तक ले जा सकते हैं।

कार्यशाला के दौरान अपने विचार प्रकट करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं न केवल विद्यार्थियों को तकनीकी दृष्टि से सक्षम बनाती हैं, बल्कि उनमें नवाचार और सृजनशीलता की भावना भी जागृत करती हैं। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे विद्यार्थी तकनीक को केवल उपयोग न करें, बल्कि उससे कुछ नया सृजित करना सीखें।

कम्प्यूटर साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. उपिंदर कौर ने कार्यशाला के आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को उद्योग और शिक्षा के बीच पुल बनाने में सहायक होते हैं। विभाग से डॉ. नीलम और डॉ. सुरजीत ने भी सक्रिय रूप से सहयोग किया। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और अपने विचार सांझा किए।